बहुजन हिताय! बहुजन सुखाय!

# सक्षम भारत

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | इन्द्रजीत सिंह, मुख्य संवाददाता/सचिव, CNSI-Delhi

दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से प्रसारित

www.sakshambharat;net, E-mail : saksham.bharat@hotmail.com

Member : CENTRAL NEWSPAPER SOCIETY OF INDIA DELHI

● वर्ष: 24 ● अंक: 175 ● नई दिल्ली ● सोमवार 27 अप्रैल 2026 ● प्रभात कालीन ● मूल्य: 3 रूपया ● पृष्ठ: 4

रिपब्लिकन मजदूर संगठन के सदस्य बनें

E-mail : rmsdp@hotmail.com

अनागरिक गीता भारती भवन

बी-2/370, सुल्तानपुरी

दिल्ली-86

### राघव चड्ढा-आप सांसदों के बीजेपी में शामिल होने पर सीएम रेखा गुप्ता का बड़ा बयान

नई दिल्ली । पंच चड्ढा और आप के छह सांसदों के बीजेपी में शामिल होने पर दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता की प्रतिक्रिया सामने आई है. रविवार (26 अप्रैल) को कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद मीडिया ने उनसे इस सियासी घटनाक्रम को लेकर सवाल किया. इस पर सीएम ने कहा कि समय आने पर मां सबको सद्बुद्धि देती है, सद्मार्ग दिखाती है और हम मिलकर अच्छे मार्ग पर चलें और देश को आगे लेकर जाएं. माता वैष्णो देवी के दर्शन अनुभव पर उन्होंने कहा, आज मां की आराधना करते हुए, उनके चरणों में शीश नवाते हुए मैं ये समझती हूं कि देवी का आशीर्वाद हम भारतीयों के साथ, हम सब सनातनियों के साथ है. मां वैष्णो देवी की कृपा हम सब पर ऐसे ही बनी रहे और पूरा भारतवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की करे, आगे बढ़े, खुशहाल हो, यही मेरी मां के चरणों में प्रार्थना थी.

## मन की बात- पीएम मोदी ने गिनाई Energy Sector की उपलब्धियां, राष्ट्र निर्माण और संस्कृति पर भी रखें विचार

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 133वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने भारत के परमाणु कार्यक्रम और पवन ऊर्जा में मिली बड़ी सफलताओं पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि देश के वैज्ञानिक लगातार राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे रहे हैं। पीएम ने इसके साथ ही भारतीय संस्कृति, आने वाले त्योहारों और तकनीक के बढ़ते प्रभाव पर भी अपने विचार साझा किए।

**परमाणु ऊर्जा में ऐतिहासिक सफलता**

प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत के परमाणु वैज्ञानिकों ने एक बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। तमिलनाडु के कलपक्कम में फास्ट ब्रीडर रिएक्टर ने क्रिटिकैलिटी हासिल कर ली है। पीएम ने गर्व से कहा कि यह भारत की परमाणु ऊर्जा यात्रा में एक बड़ा मील का पत्थर है और सबसे बड़ी बात यह है कि इसे पूरी तरह से भारत की अपनी तकनीक से बनाया गया है।

**पवन ऊर्जा में दुनिया में भारत का डंका**

पीएम मोदी ने पवन ऊर्जा को एक ऐसी अदृश्य शक्ति बताया जो देश को आगे ले जा रही है। भारत ने पवन ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी प्रगति की है और अब देश की उत्पादन क्षमता 56



गीगावॉट से अधिक हो गई है। इस उपलब्धि के साथ भारत आज दुनिया में पवन ऊर्जा के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गया है।

**बुद्ध पूर्णिमा से पहले शांति का संदेश**

मई महीने की शुरुआत के साथ ही पीएम ने जल्द आने वाली बुद्ध पूर्णिमा की सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आज की तनावपूर्ण दुनिया में भगवान गौतम बुद्ध के विचार बहुत जरूरी हैं। बुद्ध ने सिखाया था कि शांति की शुरुआत अपने अंदर से होती है और खुद पर जीत पाना ही सबसे बड़ी जीत है।

**बीटिंग रिट्रीट में भारतीय संगीत**

पीएम ने गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान होने वाली बीटिंग रिट्रीट पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस समारोह में अब भारतीय संगीत का इस्तेमाल काफी बढ़ गया है, जिसे लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। इस साल वायुसेना, थलसेना, नौसेना और CAPF के बैंड्स ने बहुत शानदार प्रदर्शन किया।

अंत में, प्रधानमंत्री ने बदलते दौर में टेक्नोलॉजी के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि तकनीक हमारे जीवन का जरूरी हिस्सा बन गई है। उन्होंने एक ऐसी घटना का जिक्र किया जिसने शिक्षा और इतिहास से जुड़े लोगों को बहुत खुश किया है। पीएम ने कहा कि तकनीक हमारे अतीत और आज को बहुत आसानी से आपस में जोड़ रही है।

## लोकल से ग्लोबल हुआ भारतीय चीज- पीएम बोले- दुनिया की थाली तक पहुंचा भारत का स्वाद; मन की बात में बढ़ाया हौसला

नई दिल्ली ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में भारत के डेयरी सेक्टर की बढ़ती ताकत और वैश्विक स्तर पर भारतीय चीज की पहचान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत का स्वाद, परंपरा और गुणवत्ता अब दुनिया भर में नई पहचान बना रहे हैं।

**भारत का स्वाद अब दुनिया तक पहुंच रहा**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा हमारे देश में खान-पान की परंपराएं सिर्फ स्वाद तक सीमित नहीं रही हैं। भारतीय चीज भी इसी परंपरा का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि ब्राजील में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय चीज प्रतियोगिता में भारत के दो ब्रांड्स को प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले, जिसकी चर्चा सोशल मीडिया पर भी खूब हुई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के डेयरी सेक्टर में तेजी से बदलाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि वैल्यू एडिशन के चलते पारंपरिक स्वादों को नई पहचान मिली है और अब भारतीय चीज वैश्विक बाजार में अपनी जगह बना रहा है।

**भारत के अलग-अलग हिस्सों के खास चीज**

प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में बनने वाले खास चीज का भी जिक्र किया। जम्मू-कश्मीर का कालारी चीज, जिसे मोजरेला ऑफ कश्मीर भी कहा जाता है, लंबे समय से गुजर-बकरवाल समुदाय द्वारा बनाया जाता रहा है। वहीं, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और लद्दाख में मिलने वाला छुर्पी याक के दूध से तैयार किया जाता है। पीएम मोदी ने कहा कि इसका स्वाद पहाड़ों की सादगी और नरमी को दर्शाता है। इसके अलावा महाराष्ट्र और गुजरात का टोपली नू पनीर या सुरती चीज भी अपनी अलग पहचान रखता है।

**लोकल टू ग्लोबल का मजबूत उदाहरण**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कई भारतीय कंपनियां इस क्षेत्र में निवेश कर रही हैं। नई तकनीक, बेहतर पैकेजिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों के कारण भारतीय उत्पाद अब वैश्विक बाजार और रेस्टोरेंट तक पहुंच रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा भारतीय चीज का उदाहरण हमें दिखाता है कि लोकल से ग्लोबल की दिशा में कैसे आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत का स्वाद और परंपरा दुनिया के लोगों को नया अनुभव देगी और देश से उनका जुड़ाव भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री के अनुसार, भारतीय चीज सिर्फ एक खाद्य उत्पाद नहीं, बल्कि देश की परंपरा और विविधता का प्रतीक है, जो अब दुनिया भर में अपनी पहचान बना रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी- अग्रिम जमानत भले खारिज करें, पर सरेंडर का आदेश नहीं दे सकतीं अदालतें

नई दिल्ली । देश की सर्वोच्च अदालत ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। यह पूरा मामला झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाई कोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाई कोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी। इसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। इनमें धारा 323 यानी स्वेछा से चोट पहुंचाना, 420- धोखाधड़ी, 468 यानी धोखाधड़ी के उद्देश्य से जालसाजी और 471- जाली दस्तावेज का उपयोग शामिल हैं। झारखंड हाईकोर्ट ने आरोपी की दूसरी अग्रिम जमानत याचिका को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि मामले में कोई नई परिस्थितियां सामने नहीं आई हैं।

हाईकोर्ट ने अपने पिछले आदेश पर भरोसा जताया था। उस आदेश में अदालत ने सतेंदर कुमार अंतिल बनाम सीबीआई मामले के फैसले का हवाला देते हुए आरोपी को ट्रायल कोर्ट में सरेंडर करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के इस दृष्टिकोण को गलत ठहराया। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस तरह का निर्देश पूरी तरह से क्षेत्राधिकार के बिना दिया गया था।

## दिल्ली में जीवंत होंगे इंदिरा गांधी, महात्मा गांधी और अटल वाजपेयी, यहां एआई 3डी अवतार में जल्द आएंगे नजर

नई दिल्ली ।

दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में जल्द ही गांधी और वाजपेयी के एआई अवतार जीवंत हो उठेंगे. दिल्ली के प्रधानमंत्री संग्रहालय में आने वाले विजिटर जल्द ही महात्मा गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के एआई रूप से निर्मित अति-यथार्थवादी 3डी अवतारों के साथ संवाद कर सकेंगे, जो इतिहास के एक गहन अनुभव को अत्याधुनिक तकनीक के साथ जोड़ते हैं. दोनों नेताओं को एआई अवतार में लाने का प्रोजेक्ट अंतिम चरण में है. बता दें कि पिछले साल सितंबर में सरदार बल्लभभाई पटेल के स्थल से ऐसी ही शुरुआत हुई थी. पहली एआई प्रदर्शनी की शुरुआत के बाद लोगों द्वारा शानदार प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद अब यह कदम उठाया गया है.

**पीएम संग्रहालय के निदेशक ने क्या कहा?**

प्रधानमंत्री संग्रहालय के निदेशक



अश्वनी लोहानी ने पीटीआई को बताया कि हम विजिटर्स के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए संग्रहालय में एआई के व्यापक उपयोग पर काम कर रहे हैं. हमने सरदार पटेल के आदमकद एआई-संचालित होलोबॉक्स से शुरुआत की, और फिर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के होलोबॉक्स लगाए. जल्द ही, हम गांधीजी और अटलजी के भी इसी तरह के अवतार लाएंगे. इस प्रोजेक्ट की मौजूदा स्थिति पर उन्होंने कहा कि यह आखिरी चरण में है. इस साल मई के आखिर में नेताओं के अवतार का शुभारंभ होने की उम्मीद है. बता दें कि प्रधानमंत्री संग्रहालय को 14 अप्रैल को चार साल पूरे हो गए हैं. इस संग्रहालय में हर रोज 1400-1500 लोग घूमने आते हैं.

**चार साल पूरे होने पर क्या बोले निदेशक?**

संग्रहालय के चार साल पूरे होने पर निदेशक लोहानी ने कहा कि यह सफर शानदार रहा है. पीएमएमएल दुनिया के अद्वितीय संग्रहालयों में से एक है. अब यहां खूब पर्यटक आते हैं. हम प्रौद्योगिकी का उपयोग बढ़ा रहे हैं. उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय लोकतंत्र की अवधारणा को सुरक्षित करता है, जो इसका मूल विषय है. आंकड़ों पर उन्होंने बताया कि साल 2025-26 में 64 लाख से यादा लोगों ने संग्रहालय का दौरा किया. इससे इसकी बढ़ती लोकप्रियता दिखती है. पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए हम संग्रहालय में पहुंच में सुधार करने के लिए एआई का प्रयोग करने पर भी सोच रहे हैं. उन्होंने बताया कि दिल्ली में आयोजित एआई शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले स्टार्टअप के साथ हम लोग काम कर रहे हैं. यह प्रोजेक्ट एआई आधारित तकनीक से लैस और उससे जुड़े स्मार्ट ग्लास के उपयोग की संभावनाओं का पता लगाती है.

### कपिल सांगवान गैंग में काम कर रहा था बीटेक पास बदमाश,अवैध हथियारों के साथ दिल्ली में गिरफ्तार

नई दिल्ली। कपिल सांगवान उर्फ नंदू गिरोह के कुख्यात बदमाश को अवैध हथियार के साथ क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान द्वारका नार्थ के आदित्य मिश्रा के रूप में हुई है। आरोपित के कब्जे से दो पिस्टल, तीन कारतूस और अपराध में इस्तेमाल की जाने वाली स्कूटी बरामद हुई है। आरोपित इम्फाल से बीटेक कर चुका है और कपिल सांगवान द्वारा व्यापारी से रंगदारी मांगे जाने पर पीड़ित पर रंगदारी दिए जाने का दबाव बना रहा था। पुलिस इससे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है। उपायुक्त हर्ष इंदौरा के मुताबिक, राजधानी में हाल ही में संगठित अपराध, रंगदारी, हथियारों से लैस हमले और हथियारों के गैर-कानूनी इस्तेमाल की घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए क्राइम ब्रांच सक्रिय और कुख्यात अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी के तहत गुप्त जानकारी मिलने पर एसीपी भगवती प्रसाद की देखरेख में और इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सात अप्रैल को यूईआर-II, पोचनपुर गांव, द्वारका के पास जाल बिछाया और आरोपित आदित्य को स्कूटी चलाते हुए देखा। उसने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने पीछा कर उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान, उसके कब्जे से एक पिस्टल और दो कारतूस मिले। उसकी निशानदेही पर एक खास जगह से एक सिंगल-शाट पिस्टल, एक कारतूस और एक खाली बंदूक बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि कपिल सांगवान उर्फ नंदू ने कापसहेड़ा के एक व्यापारी से रंगदारी मांगी थी। इस मामले में 11 मार्च को कपासहेड़ा थाने में केस दर्ज हुआ था। पूछताछ में पता चला कि आरोपित आदित्य पीड़ित और गैंग्सटर दोनों के सीधे संपर्क में पाया गया और वह पीड़ित पर गैंग्सटर के पक्ष में मामला निपटाने के लिए दबाव डाल रहा था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पढ़े-लिखे परिवार से है। उसके पिता चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। उसने अपनी स्कूल की पढ़ाई द्वारका से पूरी की और बाद में इम्फाल से बीटेक किया। 2021 में दिनेश उर्फ बंटी अहलावत के जरिए अशोक प्रधान गिरोह के शूटर रोहित लांबा से जुड़ गया और आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

## हीट वेव प्लान में बड़ा बदलाव- स्कूलों में बच्चों को ओआरएस देना जरूरी, पशु-पक्षियों के लिए पानी की होगी व्यवस्था

नई दिल्ली । दिल्ली में बढ़ती गर्मी के बीच सरकार ने हीट वेव प्लान में दो बड़े बदलाव किए हैं। अब स्कूलों में बच्चों को छुट्टी से पहले ओआरएस घोल दिया जाएगा और सार्वजनिक जगहों पर पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था होगी। दिल्ली में तेज होती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए सरकार ने हीट वेव एक्शन प्लान में अहम बदलाव किए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर अब दिल्ली सरकार के करीब 15 लाख और एमसीडी स्कूलों के लगभग 6 लाख बच्चों को छुट्टी से पहले ओआरएस घोल पिलाकर घर भेजा जाएगा, ताकि डिहाइड्रेशन से बचाव हो सके। इसके साथ ही जिला प्रशासन और सिविक एजेंसियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर पशु-पक्षियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था करें।

**आज तेज लू चलने की चेतावनी**

मौसम विभाग ने दिल्ली समेत उत्तर भारत के



कई राज्यों में अगले दो दिनों तक तेज लू चलने की चेतावनी दी है। तापमान 40 डिग्री के पार जाने की संभावना है। ऐसे में मजदूरों, बच्चों और बेसहारा पशु-पक्षियों को सबसे यादा खतरा माना जा रहा है। इससे पहले सरकार ने 'हीट वेव एक्शन प्लान 2026' लागू कर दिया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अस्पतालों में हीट वेव मरीजों के लिए पर्याप्त बेड और एम्बुलेंस में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

**स्कूलों में वाटर बेल सिस्टम लागू**

स्कूलों में 'वॉटर बेल' सिस्टम लागू करने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे बच्चों को समय-समय पर पानी पीने की याद दिलाई जा सके। साथ ही अस्पताल, स्कूल, बस स्टैंड, पुलिस थानों और अन्य सार्वजनिक जगहों पर साफ पेयजल और ओआरएस उपलब्ध कराया जाएगा।

**339 से यादा स्वास्थय केंद्रों को किया अलर्ट**

सरकार ने बताया कि पूरे शहर में 339 से यादा स्वास्थ्य केंद्र ओआरएस और आइस पैक से लैस किए गए हैं और 30 से अधिक अस्पतालों में 'कूल रूम' बनाए गए हैं। 330 एम्बुलेंस को भी तैयार रखा गया है। मैदानी स्तर पर पानी के टैंकर, वॉटर कूलर, शेड और कूलिंग पॉइंट बढ़ाए जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस और ट्रैफिक पुलिस भी ओआरएस बांट रही है।

**मजदूरों को लेकर बढ़ी चिंता**

निर्माण कार्यों में लगे मजदूरों के लिए भी दोपहर के समय काम से बचाव, छाया, पानी और आराम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक हीट वेव से होने वाली मौतों को शून्य तक लाया जाए। इसके लिए सभी विभागों को मिलकर इस योजना को जमीन पर लागू करने को कहा गया है, ताकि लोगों को भीषण गर्मी से सुरक्षित रखा जा सके।

# उत्साहपूर्वक सुना गया प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम

पडरौना, कुशीनगर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 133वां एपिसोड रविवार को नगरपालिका परिषद पडरौना में बड़े उत्साह, अनुशासन और जनभागीदारी के साथ सुना गया। कार्यक्रम का आयोजन नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल के नेतृत्व में उनके आवास पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में नागरिकों ने उपस्थित होकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में सिविल न्यूक्लियर प्रोग्राम, ग्रीन एनर्जी, कृषि क्षेत्र, बुद्ध पूर्णिमा, बीटिंग रिट्रीट, पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक जीवों के संरक्षण, उत्तर-पूर्वी राज्यों की प्राकृतिक सुंदरता, बांस की खेती, तकनीक और नवाचार जैसे अनेक समसामयिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति भारत का भविष्य है और युवाओं की ऊर्जा, नवाचार क्षमता तथा सामाजिक जागरूकता देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को नई ऊर्जा, नए संकल्प और नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।




कार्यक्रम के उपरांत नगरपालिका परिषद अध्यक्ष विनय जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत अपनी स्वर्णिम विकास यात्रा पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि देश कृषि, रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक, खेल और अंतरिक्ष जैसे सभी प्रमुख क्षेत्रों में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया में युद्ध जैसे चुनौतीपूर्ण वैश्विक हालात के बावजूद भारत में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता और मूल्य नियंत्रण केंद्र सरकार की सफल विदेश नीति और मजबूत नेतृत्व का प्रमाण है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व क्षमता की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष 'बुलबुल' जायसवाल, संतोष चौहान, आकाश वर्मा, सनी मिश्र, भरत चौधरी, अनिल पाण्डेय, अभय मारोदिया, सर्वेश उपाध्याय, राजेश जायसवाल, अभिनव चौरसिया, जयप्रकाश मद्धेशिया, मदन चौधरी, अभय तिवारी, राजेश कुशवाहा, काशी राजभर, अविनाश कसौधन, शिवगोपाल कुशवाहा, मुरारी पटेल, बबलू शर्मा, गोरख गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

## बेटी की शादी कराकर लौट रहा था परिवार, ट्रेलर से टकराई कार; पांच की मौत

गोरखपुर। यूपी के मऊ जनपद के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा-बसारथपुर के पास वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर रात्रि लगभग 2.30 बजे मऊ की तरफ से आ रही एसयूवी डिवाइडर से टकरा कर दूसरी लेनपर ट्रेलर से टकरा गई। जिसमें रांची से पुत्री की शादी कर गोरखपुर लौट रहे पति-पत्नी-पुत्र और दो चालक समेत पांच की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद ट्रेलर चालक गाड़ी खड़ा कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया। वहीं ट्रेलर को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई, जबकि एसयूवी को ट्रैक्टर से खिंचावाकर सड़क किनारे कर आवागमन बहाल कराया। गोरखपुर जनपद के खोराबार थाना क्षेत्र के रानीडीहा निवासी 53 वर्षीय विनय श्रीवास्तव पुत्र स्व. ठाकुर रमाशंकर लाल श्रीवास्तव अपनी बेटी विमन्सा की शादी के लिए झारखंड के रांची गए थे। 20 अप्रैल को विवाह संपन्न होने के बाद अन्य रिश्तेदार वहां से वापस लौट आए थे। जबकि विनय श्रीवास्तव, 58 वर्षीय पत्नी अर्चना श्रीवास्त, इकलौते बेटे 27 वर्षीय कृतार्थ श्रीवास्तव के साथ रुक गए थे। जो शनिवार को किराए के एसयूवी से गोरखपुर घर लौट रहे थे। वाहन को बिहार गया जनपद के मोहनपुर थाना क्षेत्र के मटीहानि निवासी चालक 28 वर्षीय पुरुषोत्तम कुमार पुत्र रामप्यारे यादव चला रहा था, जबकि दूसरा चालक 20 वर्षीय नितीश पुत्र नन्दलाल पीछे बैठा था। परिवार के साथ उनका पालतू कुत्ता भी मौजूद था।

शनिवार रात करीब 2:30 बजे जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। अनियंत्रित एसयूवी पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एसयूवी का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी सवार उसमें फंस गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्कॉर्पियो को काटकर सुबह पांच बजे सभी पांचों शवों को बाहर निकाला। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

## रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज में पासिंग आउट (दीक्षांत) परेड सम्पन्न

महराजगंज।

रिजर्व पुलिस लाइन महराजगंज के परेड ग्राउंड में रिक्रूट पुरुष आरक्षियों की प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत पासिंग आउट परेड (दीक्षांत समारोह) का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी संतोष कुमारशर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने पुष्प गुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन द्वारा बैच लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने परेड की सलामी ली। इस दौरान द्वारा टोली/वार्ड, टर्न-आउट एवं समग्र प्रस्तुति का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। रिक्रूट आरक्षियों के उत्कृष्ट टर्न-आउट, अनुशासन, कदमताल एवं समन्वय की सराहना करते हुए इसे उच्च स्तरीय प्रशिक्षण का परिणाम बताया गया। दीक्षांत परेड के दौरान विभिन्न अन्तः एवं वाह्य विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया गया। अन्तः विषय में प्रथम रिआ रजनीश पाण्डेय व वाह्य विषय में प्रथम रिआ विपिन पाण्डेय को सम्मानित किया गया। सर्वांग सर्वोत्तम रिक्रूट आरक्षी




**कुल 396 रिक्रूट आरक्षियों ने ली दीक्षांत परेड की शपथ**

रजनीश पाण्डेय (1247/1500 अंक) अन्य प्रमुख श्रेणियों शारीरिक प्रशिक्षण, शस्त्र प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, भीड़ नियंत्रण, यातायात, योगासन, आतंकवाद/डकैती निरोधक एवं विशेष तलाशी अभियान में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट्स को पुरस्कृत किया गया। प्रथम परेड कमांडर रिआ विशाल सिंह, द्वितीय परेड कमांडर रिआ विपिन पाण्डेय, तृतीय परेड कमांडर रिआ संदेश प्रकाश, शपथ ग्रहण दीक्षांत परेड के दौरान रिक्रूट पुरुष आरक्षियों को देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से कर सकें। जिलाधिकारी ने रिक्रूट को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की भूमिका आज बेहद विवाधिकृत और महत्वपूर्ण हो चुकी है। उन्होंने कहा कि आज कोई भी महत्वपूर्ण आयोजन बिना पुलिस बल के संभव नहीं है। साथ ही पुलिस किसी आपात स्थिति में फर्स्ट रेस्पॉन्डर के रूप में कार्य करती है। उन्होंने कहा कि पुलिस परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम् कि भावना से कार्य करती है ताकि समाज में शांति व्यवस्था बनी रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि पुलिस बल सर्वभूत हिते रता:% अर्थात समस्त प्राणियों (जीवों) के कल्याण और भलाई में निरंतर लगे रहने की भावना से काम करे। उन्होंने रिक्रूट को भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आशा है आप सभी इस तरह से काम करेंगे कि पुलिस बल आप पर नाज कर सके। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रशिक्षण के दौरान सीखे गए आत्मरक्षा कौशल, विधिक ज्ञान एवं अनुशासन को अब व्यवहारिक जीवन में लागू करना अत्यंत आवश्यक है। यह बैच पुलिस बल की कार्यक्षमता को और सुदृढ़ करेगा तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जनसेवा एवं संवेदनशील पुलिसिंग रिक्रूट आरक्षियों को पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग अपनाने हेतु प्रेरित किया गया, ताकि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की समस्या का समाधान संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ किया जा सके।

## पुलिस बेड़े में शामिल हुईं 485 महिला जांबाज, पासिंग आउट परेड में दिखा अनुशासन का जज्बा

देवरिया।

रिजर्व पुलिस लाइन्स के परेड ग्राउंड में रविवार को खाकी का गौरवमयी अध्याय लिखा गया। कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 485 रिक्रूट महिला कांस्टेबल विधिवत रूप से पुलिस बल का हिस्सा बन गईं। भव्य पासिंग आउट परेड में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। इस दीक्षांत समारोह के साथ ही देवरिया, बहराइच और महाराजगंज की इन जांबाज बेटियों ने जनसेवा और राष्ट्र रक्षा की शपथ ली। परेड का नेतृत्व (फर्स्ट-इन-कमांड) विभा तिवारी ने किया, जबकि सेकेंड-इन-कमांड शत्रो और थर्ड-इन-कमांड किरन यादव रहीं। मैदान पर उतरीं 17 प्लाटूनों के सुसंगठित मार्च-पास्ट ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इन प्लाटूनों का नेतृत्व अर्पिता वर्मा, अल्का मौर्या, आकृति सिंह, सपना विजय कुंवर मौर्या, सेजल, ज्योति प्रजापति, अनू भारती, शीतल यादव, प्राची वर्मा, आस्था तिवारी, अंकिता यादव, अर्पिता पाण्डेय, राधा पटेल, सौम्या माधवी, मंजू गौड़, आकांक्षा सिंह और कीर्ति राय ने किया। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला आरक्षियों को जिलाधिकारी ने पुरस्कृत किया। इसमें रश्मि सिंह



को बाह्य कक्ष परीक्षा के कुल योग में सर्वांग सर्वोत्तम चुना गया। शारीरिक प्रशिक्षण में सविता यादव, शस्त्र प्रशिक्षण में स्वाति सिंह और भीड़ नियंत्रण में अंकिता तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंतःकक्ष विषयों में ललिता पाल ने नए कानूनों (भारतीय न्याय संहिता/नागरिक सुरक्षा संहिता) में श्रेष्ठता सिद्ध की, वहीं राधा सरोज ने संविधान व मानवाधिकार और अस्मिता पाण्डेय ने कंप्यूटर व साइबर क्राइम में शीर्ष स्थान पाया। काजल वर्मा को अंतःकक्ष परीक्षा के कुल योग में प्रथम पुरस्कार मिला। समारोह को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि पुलिस

**पुलिस लाइन्स में 17 प्लाटूनों का शानदार मार्च-पास्ट; जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने ली परेड की सलामी**

**बहराइच, महराजगंज और देवरिया की बेटियों ने पूरा किया कड़ा प्रशिक्षण, समाज सेवा और सुरक्षा की ली शपथ**

बल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के लिए सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने रिक्रूट्स को कर्तव्यनिष्ठा और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने प्रशिक्षण की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रशिक्षकों की मेहनत की सराहना की। श्रेष्ठ प्रशिक्षक के रूप में निरीक्षक अरविंद यादव (अंतःविषय), शशिकिरण कुशवाहा और मुकेश कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय, एएसपी (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स मनोज कुमार, सीओ नगर संजय कुमार रेड्डी, आरटीसी क्षेत्राधिकारी दीपशिखा वर्मा सहित सभी सर्किल अफसर और प्रतिसार निरीक्षक मौजूद रहे।

## होमगार्ड भर्ती परीक्षा को लेकर डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित ÷उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती परीक्षा-2025 शनिवार को जनपद कुशीनगर के सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से संपन्न कराई गई। परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बुद्ध इंटरमीडिएट कॉलेज, कुशीनगर परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरों, मेटल डिटेक्टर, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, सुरक्षा जांच, पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की गहन समीक्षा की। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस बल एवं ड्यूटी में लगे कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है तथा अनधिकृत प्रवेश पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले के अन्य परीक्षा केंद्रों का भी लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा एवं निगरानी के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए हैं।

